तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

11 लिवजोत ने तलवारबाजी में कब्जाया कांस्य पदक



11 परम्पराओं के बारे में अपने ज्ञान का किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### पराली के अवशेष जलाने पर तीन पर मामला दर्ज
जींद। अलग-अलग स्थानों पर पराली के अवशेष जलाने पर संबंधित थाना पुलिस ने कृषि विभाग के अधिकारियों की शिकायतों पर तीन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। कृषि विभाग के एडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार ने पराली अवशेष जलाने पर रोके लगाई हुई है।

### आधा किलोग्राम चरस के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे
जींद। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने सफीदों के गोहाना रोड नहर पुल के पास बाइक सवार को काबू कर कब्जे से 505 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव आहूलाना सोनीपत निवासी संजय नशीले पदार्थों की तस्करी करता है।

### दंपति से मारपीट करने पर एक के खिलाफ केस
जींद। अर्बन एस्टेट घर में घुस कर दंपत्ति के साथ मारपीट गाली गालौज करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अर्बन स्टेट निवासी सविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति राजेश की सतीश रेढू से कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपित घर में घुस आया और उसके पति पर हमला कर दिया।

### ट्रक से 17 गोवंश बरामद, एक काबू
जींद। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव कालवा के निकट ट्रक को काबू कर उसमें से 17 गोवंश को बरामद किया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने ट्रक सवार एक व्यक्ति को काबू कर उसके खिलाफ पशु क्रूरता, हरियाणा गोवंश संर्वधन अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहित के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमला कर बाप व बेटे को किया घायल
जींद। गांव गढ़ी से नेपावाला रोड पर बाप व बेटे पर हमला कर घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पीपलथा निवासी जगतार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी ओमप्रकाश परिवार से रंजिश चली आ रही है। वह अपने पिता गुरनाम के साथ गढ़ी से घर लौट रहा था। नेपावाला रोड पर ओमप्रकाश परिवार ने उन्हें घेर लिया।

### मारपीट में महिला घायल, केस दर्ज
कैथल। कैथल के चीका रोड पर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सैर की संतरो देवी ने शिकायत में बताया कि 31 अक्टूबर को शाम को करीब 4:00 बजे जब वह चीका रोड कैथल से जा रही थी तो गांव पीडल के पवन ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### व्यक्ति से मारपीट, चार के खिलाफ मामला दर्ज
जींद। सफीदों के नागरिक अस्पताल के निकट युवक पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बहादुरपुर निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कलर भैणी निवासी सोनू से कहासुनी हो गई।

### रास्ता रोक कर मारपीट चार पर शिकायत दर्ज
जींद। गांव हथवाला के निकट युवक को रोक हमला कर घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो युवकों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लिजवाना कलां निवासी अमन ने पुलिस को शिकायत दी हैं।

# कैथल के विद्यार्थियों को भा रही नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप

## कक्षा 8वीं से 12वीं तक के योग्य विद्यार्थियों को मिलेगी वार्षिक 12000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई में आर्थिक मदद देने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई एनएमएमएस(नेशनल मीन्स-कम-मैरेट स्कॉलरशिप) योजना रंग लाती दिखाई दे रही है। इस योजना में विद्यार्थी बेहतरीन रूची दिखा रहे हैं। आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो इस योजना के तहत आवेदन करने वालों में कैथल जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। इस योजना में अब तक पूरे प्रदेश में 54 हजार 830 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है जिनमें से कैथल जिले से 3162 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

12 हजार दिए जाएंगे प्रतिवर्षः योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक के मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह राशि विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने और आगे की शिक्षा में मदद के लिए दी जाती है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों अनुसार छात्रवृत्ति का लाभ उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जो निर्धारित मानदंडों के तहत पात्र होंगे। इस योजना से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के अनेक विद्यार्थियों को आर्थिक सहारा मिलेगा।



### जिले के 3162 आवेदन प्राप्त
जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि नेशनल मीन्स-कम-मैरेट स्कॉलरशिप योजना के तहत जिले के 3162 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर योजना साबित हो रही है। आवेदन समाप्त उपरांत परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा।

### मेरिट के आधार पर छात्रों का चयन
2008 से चलाई जा रही योजना : बता दें कि यह योजना केंद्र सरकार द्वारा 2008 में चलाई गई थी। यह योजना गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई में आर्थिक मदद देने के लिए चलाई थी। इस योजना के तहत 3.5 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवार के कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत पहले परीक्षा होती और फिर मेरिट के आधार पर छात्रों का चयन किय जाता है।

जिलावार आवेदनों की संख्या

| जिला | आवेदन |
|---|---|
| अंबाला | 3759 |
| हिसार | 3543 |
| गुरुग्राम | 3395 |
| करनाल | 3211 |
| कैथल | 3162 |
| चरखी दादरी | 1066 |
| यमुनानगर | 1969 |
| सोनीपत | 2747 |
| सिरसा | 4044 |
| झज्जर | 1386 |
| पंचकूला | 1487 |
| रोहतक | 1501 |
| महेंद्रगढ़ | 1850 |
| नूंह | 1885 |
| कुरुक्षेत्र | 2424 |
| भिवानी | 2254 |
| फरीदाबाद | 1450 |
| फतेहाबाद | 2789 |

## 10 नवंबर को न्यायालय में होगी सुनवाई

# प्राचीन कपिल मुनि मंदिर की गद्दी के अधिकार का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

## मंडल आयुक्त ने एसडीएम को मंदिर का रिसीवर-कम-प्रशासक नियुक्त किया

अब मंदिर और उसकी संपत्ति सरकार के अधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में भगवान कपिन मुनि मंदिर की सदियों पुरानी गद्दी के अधिकार की कानूनी लड़ाई अब पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में पहुंच गई है। पुजारी संजय गौतम के अनुसार इस मामले में 10 नवंबर को न्यायालय में सुनवाई होनी है। उन्होंने बताया कि कई पीढ़ियों से उनका परिवार मंदिर की जिम्मेवारी संभालता आ रहा है। न्यायालय में ही प्राचीन देवी देवालय के अधीन आने वाले कपिल मुनि सरोवर, परिसर व 15 एकड़ कृषि भूमि के अधिकार का फैसला होना है। हाईकोर्ट तक जाने का निर्णय मंदिर पुजारी संजय गौतम करनाल मंडल आयुक्त राजीव रतन द्वारा 9 अक्टूबर को कलायत स्थित महंत देवी देवालय श्री कपिल मुनि मंदिर के संबंध में सुनाए गए फैसले के उपरांत लिया है। मंडल आयुक्त ने कलायत एसडीएम अजय हुड्डा को मंदिर का रिसीवर-कम-प्रशासक नियुक्त किया है। निर्णय अनुसार एसडीएम ने मंदिर का दौरा किया। उन्होंने बताया कि मंडल आयुक्त के निर्णय अनुसार अब मंदिर और उसकी संपत्ति सरकार के अधीन है। इसलिए कोई भी व्यक्ति मंदिर के चढ़ावे या गुल्लक से छेड़छाड़ नहीं करेगा।



कलायत। कलायत का प्राचीन कपिल मुनि सरोवर। फोटो :हरिभूमि

### मंदिर के हित के विरुद्ध
इसके लिए सरकारी कर्मचारी तैनात रहेंगे। पूर्व पार्षद दशरथ राणा, रामकुमार राणा व अशोक जैलदार ने बताया कि मंडल आयुक्त करनाल ने प्राचीन कपिल मुनि मंदिर की भूमि के उस विवादास्पद स्वामित्व हस्तांतरण (इंतकाल) को रद्द कर दिया है जो संजय गौतम के पक्ष में हुआ था। इसको लेकर उन्होंने मंडल आयुक्त का दरवाजा खटखटाया था। निर्णय अनुसार धार्मिक संपत्ति का मालिकाना हक किसी एक व्यक्ति को देना जनहित और मंदिर के हित के विरुद्ध है।

### कोई भी मंदिर के चढ़ावे या गुल्लक से छेड़छाड़ नहीं करेगा
यह फैसला मुख्य रूप से गौतम द्वारा प्रस्तुत रस्म पगड़ी के दस्तावेजों पर सुनवाई के बाद लिया। पुजारी संजय गौतम का दावा है उनका परिवार करीब 200 वर्ष से प्राचीन कपिल मुनि मंदिर की देखरेख कर रहा है। साक्ष्य के तौर पर उनके पूर्वजों द्वारा घाट पर लगाया का शिला पत्थर मौजूद है। उस समय से वे परंपरा अनुसार अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। वर्तमान में करनाल मंडल आयुक्त द्वारा जो निर्णय सुनाया गया है उससे वे समहत नहीं हैं। इसलिए उन्होंने इस निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट की शरण ली है। एसडीएम अजय हुड्डा के अनुसार करनाल मंडल आयुक्त द्वारा उन्हें रिसीवर-कम-प्रशासक नियुक्त किया गया है। उन्होंने मंदिर का दौरा करते हुए निर्णय से अवगत करवाया गया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति मंदिर के चढ़ावे या गुल्लक से छेड़छाड़ नहीं करेगा।

# सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

### महिला एमपीएचडब्ल्यू की लंबित मांगो को पूरा करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर एमपीएचडब्ल्यू एसोसिएशन ने गुरूवार को सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में सीएमओ को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, शशि बाला एवं बबिता देवी ने प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए एनएचएम प्रोजेक्ट के नाम पर वर्ष 1998 से महिला एमपीडब्ल्यू (एएनएम) कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार में बेटियां अपने हकों के लिए आंदोलन का रास्ता चुनने को विवश है लेकिन बार-बार पत्राचार एवं वार्ता के बावजूद सरकार की योजनाओं को धरातल स्तर पर पहुंचाने वाली महिला कर्मचारियों की आधारभूत मांगो को अनदेखा किया जा रहा है एवं महिला कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक शोषण का शिकार है।



सीएमओ कार्यालय के समक्ष मांगों को लेकर रोष व्यक्त करते एमपीएचडब्लयू।



नरवाना। नमन करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

### जाजनवाला के शहीद अमरजीत को दी श्रद्धांजलि
नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी वीरवार को नरवाना उपमंडल के गांव जाजनवाला पहुंचे। जहां उन्होंने हाल ही में देश सेवा के दौरान शहीद हुए अमरजीत के परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शहीद के पिता रमेश नैनए माता और अन्य परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि देश शहीद अमरजीत के बलिदान को सदैव याद रखेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शहीद अमरजीत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सैनिक का जीवन देश के लिए सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक होता है। अमरजीत ने देश सेवा के पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी है। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगाए बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। गौरतलब है कि शहीद अमरजीतए जो भारतीय सेना की 7 जाट बटालियन में नायक पद पर तैनात थे।

### मकान पर फायरिंग के मामले में आरोपी दबोचा
कैथल। पूंडरी कस्बे में देर रात एक व्यक्ति के घर पर फायरिंग करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूंडरी निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत अनुसार 1 नवम्बर की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और उसके घर पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में घर की मौंटी और शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। सौभाग्य से परिवार को कोई चोट नहीं आई। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी उपासना के आदेशानुसार जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एस.आई. रमेश की अगुवाई में ए.एस.आई. तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी आकाश बंसल निवासी फतेहपुर को काबू किया गया।



कैथल। कायस्थ सेठ व पट्टी गादड में अवैध कालोनियों को हटाती जेसीबी।

### दो अवैध कॉलोनियों में डीटीपी ने की तोड़फोड़
कैथल। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल की राजस्व संपदा पट्टी कायस्थ सेठ व पट्टी गादड में पनप रही दो अवैध कॉलोनियों मे तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनियों में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संदीप चहल बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कैथल की राजस्व संपदा पट्टी कायस्थ सेठ में करीब 12 एकड़ तथा पट्टी गादड में 4.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनियों में मिट्टी से बनी सड़कों आदि को शुरुआती चरण में जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। तोड़फोड़ की कार्रवाई से पहले कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया।

### पर्याप्त खरीद-लिफ्टिंग न करने से आढ़तियों में रोष
पूंडरी। अनाज मंडी पूंडरी एसो की बैठक प्रधान जेपी जुड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडी में आ रही आढ़तियों व किसानों को हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान ने बताया कि डीएफएससी द्वारा मंडी में पड़ी धान की खरीदी में देरी और पहले से खरीदी गई धान की लिफ्टिंग न होने के कारण किसान और आढ़तियों दोनों को परेशानियों का सामना कर रहे हैं। प्रधान जेपी जुड़ ने कहा कि अब खेतों से धान का आवक लगभग बंद हो चुकी है, लेकिन मंडी में पड़ी धान की ढेरियां अभी भी खरीदी का इंतजार कर रही हैं। अधिकारी खरीदी के नाम पर टालमटोल कर रहे हैं, जिससे किसानों के साथ-साथ आढ़तियों पर भी आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। बताया कि डीएफएससी द्वारा खरीदी गई धान की लोडिंग और लिफ्टिंग न होने से किसानों का भुगतान भी रुका हुआ है।

# खाद का रिकार्ड नहीं मिला अपडेट, फर्म को नोटिस

- सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

खाद की कालाबाजारी को लेकर गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग व कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से गुरूवार को दी अलेवा पैक्स लिमिटेड का औचक निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक बिजेंद्र सिंह तथा कृषि विभाग के उप निदेशक बलजीत सिंह ने किया। इस दौरान टीम ने पैक्स में डीएपी तथा यूरिया खाद के कटटों की जांच की। जिसमें यूरिया व डीएपी खाद का मशीन मे रिकार्ड दुरस्त पाया गया लेकिन उपरोक्त फ र्म व स्टाक रजिस्टर में यूरिया खाद रिकार्ड अपडेट नहीं पाया गया। यूरिया खाद की बिक्री का रिकार्ड 31 अक्टूबर तक मैनटेन किया गया था। कृषि विभाग जींद के उप निदेशक बलजीत सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि दी अलेवा पैक्स लिमिटेड में अवैध रूप से यूरिया तथा डीएपी खाद का भंडारण किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग तथा कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से दी अलेवा पैक्स लिमिटेड का औचक निरीक्षण किया। जिसमें यूरिया व डीएपी खाद के कट्टों की जांच करने पर पाया कि मशीन में यूरिया तथा डीएपी खाद का रिकार्ड दुरस्त मिला लेकिन उपरोक्त फ र्म व स्टाफ रजिस्टर में यूरिया खाद रिकार्ड अपडेट नही पाया गया। यूरिया खाद की बिक्री का रिकार्ड 31 अक्टूबर तक मैनटेन किया गया था।



अलेवा। दी अलेवा पैक्स लिमिटेड में खाद के कटटों की जांच करती टीम।

### जांच के लिए नमूने लिए
कृषि विभाग जींद के उपनिदेशक बलजीत सिंह ने बताया कि विभाग ने यूरिया तथा डीएपी खाद के जांच के लिए नमूने लिए हैं। जिसको जांच के लिए जांच प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। रिपोर्ट मिलने पर विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। उप निदेशक ने बताया कि यूरिया तथा डीएपी खाद मामले में क्वालिटी के चलते किसी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा।

## डिप्टी स्पीकर ने समाधान के संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# ढांडा खेड़ी में 4.30 करोड़ से बनेगा नया जल घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को ध्यान में रख कर उनके हितों के लिए नई-नई कल्याणकारी न केवल योजनाएं बना रही है बल्कि उनको लागू भी कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा जाए और सामूहिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को जिला के विभिन्न गांवों में पहुंच कर लोगों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने गांव झांझ कलां, झांझ खुर्द, बड़ोदी, बरसोला, दरियावाला, ढांडाखेड़ी सहित दर्जन भर गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। डा. कृष्ण मिड्ढा ने विधानसभा के सभी गांवों में करोड़ों रूपये की लागत से करवाए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि बरसोला गांव में अब तक लगभग 14 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्य करवाए जा चुके है। इसके अलावा गांव झांझ कलां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीने की पाइप लाइन को दुरूस्त करवाया जाएगा। जलघर में नया बोर लगाया जाएगा।



जींद। महिलाओं से बात करते डिप्टी स्पीकर। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई करने के निर्देश
इसी प्रकार गांव ढांडा खेड़ी में करीब चार करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से नया जल घर बनाया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही इस विकास कार्य के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। डिप्टी स्पीकर ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से रखी गई बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, लाईब्रेरी, पार्क व चौपालों के निर्माण, गलियों के निर्माण, स्कूलों में कमरे का निर्माण, सड़कों, लाइट ठीक करवाने जैसी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं गांव जुलानी में बिजली के तार बदलवाने के लिए मांग रखी गई। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### सरकार आमजन के साथ
गांव जलालपुर कलां में ग्रामीणों द्वारा रखी गई लाइब्रेरी की मांग को स्वीकार करते कहा कि आज का युवा लाइब्रेरियों के माध्यम से अपने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियां कर रहा है। नतीजन बिना खर्ची पर्ची के सरकार द्वारा युवाओं को नौकरियां प्रदान की जा रही है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि किसान, मजदूर, ग्रामीणों के साथ-साथ वर्तमान राज्य सरकार का फोक्स युवा एवं महिला कल्याण पर भी है। लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। सरकार समाधान के लिए सदैव आमजन के साथ खड़े हैं। कहा कि मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के मार्ग दर्शन में चल रही हरियाणा की सरकार देश के अग्रणी राज्यों शुमार है।

### धान के अवशेषों के साथ आग की भेंट चढ़ रहे पौधे
राजौंद। कृषि विभाग व जिला प्रशासन द्वारा धान के अवशेष न जलाने के आदेश यहां कागजों में सिमटकर रह गए हैं। किसानों द्वारा धान के अवशेषों के साथ छोटे बड़े सैकड़ों पौधों को भी आग के हवाले किया जा रहा है। प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के सजग प्रहरी वृक्ष आगजनी का शिकार होकर राख में तबदील होते कही भी देखे जा सकते हैं। किसानों को जैसे ही समय मिलता है उसी अनुसार धान के अवशेषों के साथ पौधो को भी आग के हवाले कर देते हैं। प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा अभी तक इस कार्यवाही को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के बावजूद भी अवशेषों को आग लगाने वाले किसानों के हौसले बुलंद होते रहे। कई लोगों ने बताया कि धानके अवशेषों के साथ हर वर्ष जितने पेड़ पौधे आग की बली चढ़ा दिए जाते हैं ।



सामान्य रूप से पेड़-पौधे प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया द्वारा जल, वायु और सूर्य की किरणों की सहायता से अपना भोजन तैयार करते हैं। लेकिन कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं, जो छोटे-छोटे जीवों से भी अपना भोजन और पोषण प्राप्त करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे कीटभक्षी पौधों के बारे में।

# अनोखे पौधे जो करते हैं कीट-पतंगों का शिकार!

वनस्पति जगत
डॉ. दीपक कोहली

बच्चो, प्रकृति में हर जंतु और पौधा अपने-अपने तरीके से जीवन-यापन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि कुछ पौधे सिर्फ हवा, पानी और सूरज की रोशनी से नहीं, बल्कि कीड़ों और छोटे जीवों से भी अपना भोजन प्राप्त करते हैं? ऐसे पौधों को कीटभक्षी पौधे कहते हैं।

### कहां मिलते हैं, कैसे होते हैं

कीटभक्षी पौधे अकसर दलदली, कीचड़ वाली या खारी मिट्टी वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ऐसी मिट्टी में पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। इसलिए ये पौधे अपने भोजन के लिए, कीड़ों, मक्खियों और छोटे कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं। इन पौधों के पत्ते, फूल और कभी-कभी तने इस तरह विकसित होते हैं कि वे कीड़ों को आकर्षित कर सकें और उन्हें पकड़ सकें। उनके रंग, आकार और खुशबू, कीड़े और छोटे जीवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ये कीटभक्षी पौधे दिखने में बहुत सुंदर और रंग-बिरंगे होते हैं। ये पौधे अपनी सुंदरता-मोहकता के साथ-साथ अपने अनोखे शिकार करने के तरीके के लिए भी जाने जाते हैं।

### कैसे होता है अंकुरण

कीटभक्षी पौधे मिट्टी से कम पोषक तत्व प्राप्त करने के बावजूद, अपने भोजन/शिकार से जरूरी नाइट्रोजन और फॉस्फोरस प्राप्त कर लेते हैं। इन पौधों के बीज बहुत छोटे होते हैं, इनका अंकुरण बहुत धीरे-धीरे होता है। जब ये पौधे छोटे होते हैं, तो इनके पत्ते बहुत नाजुक और पतले होते हैं। जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता है, इनके पत्ते शिकारी बनने लगते हैं। यह पूरी प्रक्रिया बहुत ही अद्भुत और जादुई लगती है। कौन-कौन से पेड़-पौधे कीटभक्षी होते हैं, यह भी जानो-

### लंबे गिलास या घड़े के आकार का पौधा पिचर प्लांट

इसे पिटकॉल ट्रैप प्लांट के नाम से भी जाना जाता है। पिचर प्लांट में लंबे गिलास या घड़े जैसे पत्ते होते हैं, जिनके अंदर रस या पाचन एंजाइम भरा रहता है। कीड़े-मकोड़े इस रस की ओर आकर्षित होकर पत्ते में गिर जाते हैं। इसकी चिकनी सतह और फिसलन भरे नीचे की ओर झुके बालों के कारण इसमें फंसे कीट बाहर नहीं निकल नहीं पाते। यह पौधा पाचन एंजाइम की सहायता से कीड़े को पचा लेता है। अपने रंग और आकार के अनूठेपन के कारण पिचर प्लांट को 'प्रकृति का जादू' भी कहा जाता है।

### ओस जैसी बूंदों से चिपका लेता है सनड्यूज प्लांट



सनड्यूज प्लांट बहुत ही नाजुक और सुंदर होता है। इसके पत्तों पर लंबे तंतु बने होते हैं। इन तंतुओं के सिरे पर एक चिपचिपी ग्रंथि पाई जाती है, जो धूप में ओस (ड्यू) की बूंदों जैसी चमकती है। इसीलिए इसका नाम 'सनड्यूज' पड़ा। ये चमकदार बूंदें जैसी ग्रंथियां कीड़ों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कीड़ा इन बूंदों से चिपक जाता है और पत्ते धीरे-धीरे उसे पचा लेते हैं।

### शिकार को झपटकर पकड़ता है वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा, अपने पत्तों को दो भागों में खुला रखता है। पत्तों के किनारों पर मोटे कांटेनुमा संरचना होती है। इसके भीतरी हिस्से पर छोटे-छोटे बाल पाए जाते हैं। जब कोई कीड़ा इन अंदरूनी बालों को छूता है, तो ये खुले पत्ते झपट्टा मारकर तुरंत बंद हो जाते हैं। इसमें मौजूद पाचन एंजाइम के कारण फ्लाईट्रैप में फंसा कीड़ा धीरे-धीरे पचकर या मेल्ट होकर पौधे को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

बच्चो, यह समझना बहुत जरूरी है कि ये पौधे बहुत नाजुक होते हैं। इन्हें इनके प्राकृतिक आवास से निकालना या तोड़ना बिल्कुल सही नहीं है। इन्हें देखने के लिए तुम बॉटेनिकल गार्डन या रिजर्व फॉरेस्ट में जा सकते हो। ये कीटभक्षी पौधे हमें यह भी याद दिलाते हैं कि हर जीव और पौधा अपने तरीके से जीवन जीता है। प्रकृति ने इन्हें अलग-अलग विशेषताओं से युक्त बनाया है। ये कीटभक्षी पौधे जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तो जब भी तुम जंगल या किसी बॉटेनिकल गार्डन में जाओ, तो इन छोटे शिकारी पौधों को ध्यान से देखो और उनके अनोखेपन का आनंद लो। *





### मेंढक-गिरगिट जैसे जंतु भी हो जाते हैं ट्रैप

बच्चो, ये कीटभक्षी पौधे कीट-पतंगे, कीड़े-मकोड़े का भक्षण तो करते ही हैं, कभी-कभी छोटे मेंढक, गिरगिट या अन्य छोटे जंतु भी इनके जाल में फंस जाते हैं। है न कमाल की बात! ये सभी कीटभक्षी पौधे अपनी अनोखी शिकार तकनीक के लिए जाने जाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड जहां हैं केवल एक घर-एक पेड़

बच्चो, तुमने अपनी जीके की बुक में दुनिया के सबसे बड़े आईलैंड ग्रीनलैंड के बारे में पढ़ा होगा। लेकिन क्या तुम सबसे छोटे आईलैंड के बारे में जानते हो? यहां हम तुम्हें स्मॉलेस्ट आईलैंड 'जस्ट रूम एनफ' के बारे में बता रहे हैं।



रोचक
रेखा शाह आरबी

बच्चो, आईलैंड यानी द्वीप जमीन का ऐसा टुकड़ा होता है, जो चारों तरफ पानी से घिरा होता है। दुनिया में अलग-अलग आकार-प्रकार और विशेषताओं वाले कई आईलैंड स्थित हैं। घूमने-फिरने के शौकीन लोग मौज-मस्ती और नेचर के करीब कुछ समय गुजारने के लिए ऐसे आईलैंड की यात्रा करना खूब पसंद करते हैं। ऐसे द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और अन्य विशेषताएं पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां की शांति, साफ-सुथरा वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दरअसल, सामान्य स्थल की तुलना में आईलैंड यानी द्वीप अधिक शांत और प्रदूषणमुक्त होते हैं।

**अनेक द्वीप हैं दुनिया में:** दुनिया भर में अनेक फेमस आईलैंड्स हैं, जैसे- ग्रीनलैंड, न्यू गिनी, बोर्नियो, मेडागास्कर, सुमात्रा आदि। अपने देश में भी लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार जैसे खूबसूरत आईलैंड हैं। ये सभी आईलैंड्स अपनी-अपनी खूबियों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**जस्ट रूम एनफ आईलैंड:** यह तो तुमको पता होगा कि दुनिया का सबसे बड़ा आईलैंड, ग्रीनलैंड है। इसका क्षेत्रफल 2,166,086 वर्ग किलोमीटर है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि दुनिया का सबसे छोटा आईलैंड कौन-सा है? नहीं पता, चलो हम बताते हैं! दुनिया के सबसे छोटे आईलैंड का नाम है 'जस्ट रूम एनफ' आईलैंड। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क में सेंट लॉरेंस नदी में स्थित है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह आईलैंड इतना छोटा है कि इस पर केवल एक मकान बनाने भर की ही जगह है। आईलैंड के छोटे आकार को देखते हुए ही इसका नाम जस्ट रूम एनफ रखा गया है। इस पूरे आईलैंड का फैलाव मात्र 3,300 स्क्वायर फीट तक ही सीमित है। इस आईलैंड पर एक घर, एक पेड़ के अलावा कुछ झाड़ियां ही हैं। पहले इस आईलैंड का नाम 'हब आईलैंड' था। साल 1950 में किसी धनी व्यक्ति ने इसको खरीद कर इस पर मकान बनवाया और एक पौधा लगाया। जो अब एक पेड़ बन चुका है। जब इस पर मकान बनकर तैयार हो गया तो इसका नाम हब आईलैंड से बदल कर जस्ट रूम एनफ कर दिया गया। नदी के किनारे से देखने पर यह आईलैंड बहुत मनमोहक लगता है। इसकी सुंदरता को करीब से देखने के लिए दुनिया भर के सैलानी यहां पर घूमने-फिरने के लिए आते रहते हैं। अपने सबसे छोटे आकार के कारण ही इस आईलैंड का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

कविता / ओम निश्चल

## उठो सुबह की वेला आई!



उठो सुबह की वेला आई!
उमग-उमग कर चिड़िया चहकीं
कोयल लेती है अंगड़ाई।
सूरज कब का जगा हुआ है
देखो बाल सूर्य की किरणें
दूर पहाड़ी पर किरणों की
टोली आई सबसे मिलने
बच्चे इनके खेल रहे हैं
आपस में ही छुपम-छुपाई।
उठो सुबह की वेला आई!
कलश लिए चल पड़ी सुबह ही
देखो पनिहारिन की टोली
बिना रुलक की प्यास मिटे
कैसे निकलेगी मुंह से बोली
वो क्या जानें संघर्षों को
जिनके पांव न फटी बिवाई।
उठो सुबह की वेला आई!
चादर तान देर तक सोई
हुई देख लो अभी टिटहरी
मगर पपीहा बजा रहा है
कब से विकल राग पिपहरी
देखो फुदक रही गौरैया
नाच उठी घर की अंगनाई।
उठो सुबह की वेला आई!

## बूझो तो जानें



1. जंगल का 'राजा' कहलाता, बासी भोजन कभी न खाता। सभी जानवर इससे डरते, राजा की इज्जत हैं करते।।
2. मरुस्थल का जहाज कहलाए, ढेरों काम बनाता। बोझा ढोता, खेत जोतता, यात्राएं करवाता।।
3. माता का दर्जा पाया है, दूध मिले गुणकारी। रंग सफेद और काला भी, यह है पूज्य हमारी।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.शेर, 2.ऊंट, 3.गाय

## जीके क्विज-178



1. हाल ही में इंडियन वूमेंस क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर आईसीसी वूमेंस वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन का नाम क्या है?
3. आईसीसी की ताजा वन-डे रैंकिंग के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन कौन बने हैं?
4. हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश कौन होंगे?
6. भारत के वर्तमान केंद्रीय सहकारिता मंत्री कौन हैं?
7. निकट दृष्टि दोष में किस लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
8. पेड़-पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
9. संसार का सबसे छोटा महाद्वीप कौन-सा है?
10. हाल में ही किस रॉकेट के द्वारा भारतीय वैज्ञानिकों ने सीएमएस 03 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया?



बच्चो, जीके क्विज-178 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-177 का उत्तर :** 1. लियोनेल मेसी, 2.अयोध्या, 3.राष्ट्रीय एकता दिवस, 4. 24 अक्टूबर, 5.राजस्थान, 6.लैक्टोबैसिलस, 7.जॉन मथाई, 8.हैंस लेपर्शी, 9.कोलकाता, 10.मुंशी प्रेमचंद

**जीके क्विज-177 का सही उत्तर देने वाले :** रितेश-मटियारी, रजनी-बलरामपुर, कबीर-हिसार, पूनम-गुना, बलजीत-भिवानी, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, आंचल-ईमेल से, अजय-रोहतक, अंकुश-बिलासपुर, कुसुम-बलौदा बाजार



कहानी
दिविक रमेश

होलू को एक दिन सड़क पर रोता हुआ एक बच्चा मिला। उसने जानना चाहा कि बच्चा रो क्यों रहा है? बच्चे से उसने एक नहीं कई सवाल किए। बच्चे के जवाबों से होलू का दिमाग और चकरा गया।

## रोता बच्चा और होलू

होलू ने देखा। सड़क किनारे एक बच्चा बैठा है। रो रहा है। पता नहीं क्यों? होलू को मां की बात याद आई। कोई परेशान हो तो उसकी मदद करनी चाहिए। होलू ने सोचा क्या करूं? उसे चिंता हुई। पूछ ही लिया, 'तुम कौन हो?'

बच्चे ने होलू की ओर देखा। रोना थोड़ा कम हुआ। सुबकते हुए बोला, 'बच्चा हूं।'

'वह तो मुझे मालूम है, पर तुम कर क्या रहे हो?' होलू ने थोड़ा परेशान होकर पूछा।

'रो रहा हूं।' बच्चे ने कहा। कह कर वह फिर रोने लगा।



होलू का तो माथा ही चकरा गया-कैसा बच्चा है? समझ ही नहीं आया कि आगे क्या पूछे। थोड़ी देर तक होलू को कुछ समझ में नहीं आया। तभी कुछ सूझा। उसने फिर पूछा, 'यह तो दिख रहा है, पर तुम रो क्यों रहे हो?' अब बच्चे की बारी थी, थोड़ा चौंकने की। उसने होलू की ओर देखा। ऐसे, जैसे होलू उसकी निगाह में बुद्धू हो।

उसका रोना रुक चुका था। मुंह बनाकर बोला, 'इतना भी नहीं मालूम, कोई क्यों रोता है? क्या तुम कभी नहीं रोए?'

'रोया तो हूं। अभी तो मुझे तुम्हें रोता देखकर रोना आ रहा है, पता नहीं क्यों?' होलू ने पूछा, 'तुम्हें पता है?' 'नहीं तो..।' बच्चे ने लगभग रोते-रोते ही जवाब दिया। थोड़ी देर दोनों एक-दूसरे को देखते रहे।

होलू ने याद करने की कोशिश की। यही कि पिछली बार वह कब रोया था और क्यों रोया था? होलू ने देखा, बच्चा उसी की ओर देख रहा है। रोना छोड़कर सुबक रहा है। उसे यह भी लगा कि बच्चा कुछ ऐसे देख रहा है, जैसे वह जीत गया हो। विजेता हो। होलू को याद आया, बोला, 'मैं तो इसलिए रोया था, मां ने मेरी बात नहीं मानी थी। मुझे बहुत गुस्सा जो आया था।' बच्चा अब तक चुप था। बोला, 'मैं भी तो इसीलिए रो रहा हूं। उधर देखो, दीवार की ओर।' होलू ने देखा, वहां सामने नई दीवार चिनी जा रही है। एक राजमिस्त्री दीवार बना रहा था। पास ही एक महिला थी। वह कभी उसे ईंट पकड़ाती तो कभी मसाला देती थी। बच्चा तपाक से बोला, 'वही तो मेरी मां है।' 'अच्छा..?' होलू थोड़ा चौंकते हुए बोला।

बच्चे ने बताया, 'मैंने मां से कहा कि मैं भी काम करूंगा। पर मां ने डांट दिया। बोली-तू यहां बैठ, अभी तू छोटा है। बस इसीलिए रो रहा हूं। मुझे छोटा क्यों कहा मां ने?'

होलू कुछ सोच में पड़ गया। उसे मां की बात भी ठीक लग रही थी और बच्चे की भी। क्या कहे वह। पर उसे समझ ही नहीं आ रहा था कि वह ऐसा क्यों सोच रहा है। कुछ देर तक जब होलू को कुछ नहीं सूझा तो उसने यही सोचा कि घर जाकर मां से पूछेगा। उसे बस यह जरूर अच्छा लगा कि अब बच्चा चुप था। बच्चा अपने पास रखी चीजों में खोता जा रहा था। होलू घर की ओर लौट चला था। *



कहानी
सरस्वती रमेश

पर्वत को अपने विशाल होने का बहुत घमंड था। वह पशु-पक्षियों को अपने से बहुत छोटा मानता था। गिलहरी, खरगोश और चिड़िया से उसने ऐसा बोल भी दिया। लेकिन एक दिन ऐसा कुछ हुआ कि पर्वत का घमंड चूर हो गया।

## पर्वत का घमंड

बरगद के पेड़ पर गिल्लू गिलहरी रहती थी। गिलहरी दिनभर इधर-उधर कूदती रहती। खरगोश, चिड़िया जैसे उसके दोस्त थे, वह उनसे मिलती-जुलती रहती। कभी-कभी उछलते-कूदते तीनों पर्वत तक पहुंच जाते। इन्हें देख पर्वत अभिमान से भर उठता, सोचता, 'ये कितने छोटे हैं, मैं कितना बड़ा-विशाल। आसमान को छूता, बादलों से बातें करता, हवाओं के साथ खेलता। इन सब की तो मेरे आगे कोई हैसियत ही नहीं है।' एक दिन गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया के साथ पर्वत पर खूब धमा-चौकड़ी मचा रही थी। तीनों कभी पर्वत पर कूदते तो कभी उसके बदन पर फिसलते। यह देखकर पर्वत को क्रोध आ गया। वह गुस्से से गरजा, 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' गुस्से में पर्वत का चेहरा लाल हो गया था। उसे देख गिल्लू और पीकू को हंसी आ गई। गिल्लू हंसते हुए बोली, 'हम लोग यहां खेल रहे हैं। तुम भी खेलोगे हमारे साथ?' 'नहीं, मैं छोटे लोगों के साथ नहीं खेलता।' पर्वत घमंड से बोला। 'हम छोटे हैं तो क्या हुआ?' गिल्लू आश्चर्य से बोली। 'छोटों का कोई मान-सम्मान नहीं होता। वे किसी काम के नहीं होते।' पर्वत अकड़ कर बोला। 'अच्छा, तुम बड़े हो, लो जरा यह मूंगफली फोड़कर दिखाओ।' गिल्लू बोली।

'मूंगफली जैसी छोटी चीज मैं नहीं फोड़ सकता।' पर्वत ने बहाना बनाया। 'हार गए न..! देखो मैं कितनी आसानी से फोड़ देती हूं।' गिल्लू ने मूंगफली अपने दांतों में दबाकर झट से फोड़ दी।

'मूंगफली नहीं फोड़ सकता तो क्या, मेरे ऊपर कितने ही पेड़-पौधे, पशु-पक्षी रहते हैं। मैं सबको संभाल कर खड़ा रहता हूं।' पर्वत अभी भी घमंड से चूर था। तभी अचानक जोर की आंधी आई। गिल्लू और पीकू भागकर अपने बिलों में छुप गए। चिड़िया एक पेड़ पर दुबक पर बैठ गई। आंधी के साथ बारिश भी शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश और हवा के थपेड़ों से पर्वत तहस-नहस होने लगा। उस पर उगे कुछ पेड़-पौधे गिरने लगे। पर्वत की चट्टानें दरकने लगीं। बेचारा पर्वत बहुत देर बारिश की मार झेलता रहा। जब बारिश बंद हुई तो गिल्लू और पीकू बिल से बाहर निकल आए। पर्वत की दशा बहुत बुरी थी। वह मन ही मन सोच रहा था, 'इस नन्ही गिलहरी, खरगोश और चिड़िया का तो कुछ भी न बिगड़ा और मैं इतना शक्तिशाली होने के बाद भी तहस-नहस हो गया, बिखर-सा गया।' तभी गिल्लू ने पर्वत से कहा, 'पर्वत भाई, देखा तुमने। इतने विशाल होने के बाद भी तुम बारिश से नहीं बच सके। अब तो समझ गए होगे कि बड़ा-विशाल होने से कुछ नहीं होता। छोटों का भी अपना एक महत्व है।' पर्वत का सिर लज्जा से झुका गया, बोला, 'तुम ठीक कह रही हो गिल्लू बहन। मैंने तुम लोगों को छोटा समझ, तुम्हारा अपमान किया। मुझे माफ कर दो।' 'माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं। तुम्हें अपनी गलती का अहसास हुआ यही काफी है। आज से हम दोस्त हैं।' गिल्लू बोली।

'बिल्कुल, अब तुम मेरे ऊपर खूब फुदकना। मैं बिल्कुल गुस्सा नहीं करूंगा।' पर्वत बोला।

उस दिन से पर्वत ने घमंड छोड़ दिया। गिल्लू गिलहरी, पीकू खरगोश और मुनमुन चिड़िया पर्वत पर मजे से खेलते-कूदते, पर्वत भी इनके साथ आनंद लेता। *



एआई इमेज

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पूसी बिल्ली के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: 1. बिल्ली के सिर पर रखे कोन की डिजाइन में बस दो कलर है, तीसरा हरा रंग गायब है। 2. बिल्ली की पूंछ का पिछला हिस्सा सफेद नहीं है। 3.बिल्ली के दाएं पैर पर अधिक बाल है। 4.बिल्ली के मुंह का आंतरिक हिस्सा ब्लैक दिख रहा है। 5.पीछे बाईं तरफ एक्स्ट्रा ग्रीन झाड़ी उगी हुई है। 6.दाईं तरफ बिल्ली के पंजे के पास एक्स्ट्रा झाड़ी उगी हुई है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बत्तख का एक नन्हा बच्चा उदास है, क्योंकि वह अपनी मां और भाई-बहन से बिछड़कर रास्ता भटक गया है। तुम सही रास्ता खोजकर इस नन्हे बत्तख को अपनी फैमिली तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### हृदय जांच शिविर सैनिक वाटिका में आठ को

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि आठ नवंबर शनिवार सुबह 10 बजे गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय चेकअप शिविर का आयोजन किया जाएगा। देश के प्रसिद्ध मेट्रो हार्ट इंस्टिट्यूट नोएडा के सीनियर कर्डियोलॉजिस्ट मुमुक्षू आर्य की टीम हृदय संबंधी परेशानियों का चेकअप व मेडिकल परामर्श देंगे।

### उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आज होगा

**जींद।** सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सात को सुबह 10 बजे सफीदों के सरला मेमोरियल गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी घर से ब्यूटी पार्लर के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। वहीं गांव संगतपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### छात्रवृत्ति पोर्टल से आवेदन करने की मांग

**जींद।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया हरियाणा की राज्य कमेटी हरियाणा सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप आवेदन प्रक्रिया को हर छात्रवृत्ति पोर्टल से हटा कर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (पीएमएस) पर करने के निर्णय का कड़ा विरोध करती है। एसएफआई राज्य सचिव सुखदेव बूरा और राज्य अध्यक्ष अक्षय ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप कॉलेज विश्वविद्यालय में पढने वाले दलित, पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को यह छात्रवृत्ति मिलती है।

### एनएसयूआई ने जलाया चुनाव आयोग का पुतला

**जींद।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हरियाणा में हुई वोट चोरी और लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और चुनाव आयोग का पुतला फूंक कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय गीत की वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम आज

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन देशभर में मनाए जा रहे समारोह का एक हिस्सा है। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्तर पर समारोह का नेतृत्व करेंगे तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कार्यक्रम का संचालन करेंगे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक द्वारा की जाएगी।

### किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन तत्पर

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शी खरीद व्यवस्था और सुविधाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। धान खरीद सीजन के दौरान मंडियों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि किसी भी किसान को किसी प्रकार असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

### मोबाइल शॉप से हजारों की नकदी की चोरी

**जींद।** एसडी स्कूल के निकट लक्की मोबाइल से चोरों ने दस हजार की नगदी, रिपेयरिंग के लिए आया मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। शहर थाना पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिसाय में खेल प्रतियोगिता का किया आयोजन

# लिवजोत ने तलवारबाजी में कब्जाया कांस्य पदक

### कोच व अभिभावकों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी

**अनेक पदक प्राप्त कर जींद जिले का नाम रोशन कर चुक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्टेट गेम्स तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में हरियाणा स्टेट गेम्स 2025-26 एकल प्रतियोगिता सीनियर में रजत पदक एवं टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी जीत का परचम फहराया है। जींद जिले के लिवजोत ने तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में हरियाणा स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 एकल प्रतियोगिता में भी जूनियर में स्वर्ण और सीनियर में रजत एवं टीम प्रतियोगिता में सीनियर में कांस्य व जूनियर में रजत पदक प्राप्त कर अपना परचम फहराया। लिवजोत एक होनहार खिलाड़ी है। यह खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी होशियार है। उसने अनेक पदक प्राप्त कर जींद जिले का नाम रोशन तो किया ही है। साथ में जींद शहर, हरियाणा प्रदेश व भारत देश का नाम भी रोशन कर रहा है। ये तलवारबाजी खेल 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर को सिसाय में संपन्न हुए। इसमें बहुत से बच्चों ने भाग लिया। उसने देश में ही नहीं विदेशों में भी अपना दमखम दिखाया है।



जींद। प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता लिवजोत। फोटो :हरिभूमि

**एशियन चैंपियनशिप खेल चुका**

लिवजोत ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में तो अनेकों पदक प्राप्त किए ही हैं, उनके साथ-साथ उत्तराखंड में आयोजित एशिया कैडेट कप में पिछले ही महीने लिवजोत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकल प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल प्राप्त किया था। लिवजोत विश्व चैंपियनशिप, एशियन चैंपियनशिप भी खेल चुका है। आगामी जूनियर व सीनियर नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। लिवजोत ने आगामी स्कूल नेशनल गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया हुआ है। अभी लिवजोत एएसआई पुणे में प्रशिक्षण ले रहा है। लिवजोत के कोच व अभिभावकों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

**वीसी को सौंपा ज्ञापन**

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा ने गुरूवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी पोर्टल) पर चल रही अनियमितताओं को दूर करवाने की मांग की गई। संगठन के युवा छात्र नेता नवरत्न माथुर ने बताया कि इस वर्ष हजारों एससी और बीसी वर्ग के विद्यार्थियों को नॉट एलिजिबल (अयोग्य) दिखाया जा रहा है। जबकि उन्होंने सभी पात्रता मानदंड पूरे किए हैं। कई छात्रों को बिना किसी स्पष्ट कारण के अयोग्य घोषित किया गया है। जिससे गरीब और मेधावी विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो छात्र पहले वर्ष में आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें अब दूसरे वर्ष में आवेदन करने की अनुमति तक नहीं दी जा रही है। जिससे अनेक योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित होना पड़ रहा है। पहले राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियां जाति आधारित थी। परंतु अब उन्हें एनएसपी पोर्टल पर मेरिट आधारित बना दिया गया है। जिससे सामाजिक न्याय की भावना प्रभावित हो रही है।

# प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

जाट कॉलेज, कैथल के विद्यार्थियों ने 30 अक्टूबर से 03 नवंबर तक उज्जैन एमपी में आयोजित 5 दिवसीय राज्यस्तरीय रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में कॉलेज रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. अजय बनवाला के नेतृत्व में भाग लिया व टीम के सदस्य रजत को सर्वश्रेष्ठ कैंप कोऑर्डिनेटर का खिताब मिला। कालेज प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह ढिल्लों ने बताया कि एमपी के उज्जैन में हरियाणा रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा 05 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें हर जिले से 120 वालंटियर व 25 काउंसलर ने भाग लिया।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिकारी।

**रजत को सर्वश्रेष्ठ कोऑर्डिनेटर का खिताब**

हमारे जाट कॉलेज से भी टीम के साथ रेडक्रॉस काउंसलर अजय बनवाला ने शिविर में भाग लिया। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को आपदा के समय किस प्रकार हम किसी की मदद कर सकते हैं व कैसे हम एक अच्छा नागरिक बन सकते हैं आदि बातें सीखी। इस दौरान वहां विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के छात्र रजत में सर्वश्रेष्ठ कोऑर्डिनेटर का खिताब हासिल किया। जिसे एमपी रेडक्रॉस परिषद के सचिव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कॉलेज में पहुंचने पर जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह ढिल्लों सहित स्टाफ सदस्यों व जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि दुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व कार्यकारिणी सदस्यों डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह ने मिलकर पूरी रेडक्रॉस टीम व काउंसलर डॉ. अजय बनवाला का स्वागत किया।


जींद। बच्चों को प्राथमिक उपचार की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पेंटिंग से दी सामाजिक संदेशों की प्रस्तुति**

**जींद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में व शिक्षा विभाग के सहयोग से चल रहे जूनियर रेडक्रॉस (जेआरसी) प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरुआत रेडक्रॉस प्रार्थना के साथ हुई। प्रशिक्षुओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को दोहराया। प्रथम सत्र में प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेष रूप से तिकोनी पट्टी के प्रयोग की विधि का प्रदर्शन किया गया। बताया गया कि चोट लगने पर तिकोनी पट्टी किस प्रकार उपयोगी होती है, शरीर में कुल कितनी हड्डियां होती हैं और हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार के रूप में क्या कदम उठाने चाहिए। बच्चों ने इस सत्र में अत्यंत रुचि दिखाई और स्वयं भी पट्टी बांधने का अ यास किया। मास्टर ट्रेनर ममता शर्मा ने बच्चों को फोन के लाभ और हानि के बारे में जागरूक किया। बताया कि मोबाइल एक उपयोगी साधन है लेकिन इसका अत्यधिक प्रयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

### अवैध देशी कट्टा सप्लाई के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एचसी सुनील कुमार द्वारा करते हुए आरोपी गांव टयौंठा निवासी गोल्डी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 सितंबर को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ के एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा टयौंठा से दुसैन अड्डा रोड के पास से आरोपी गांव ट्यौन्ठा निवासी रवि कुमार को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर बरामद हुआ था। थाना पूंडरी में दर्ज मामले की आगामी जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एचसी सुनील कुमार द्वारा करते हुए आरोपी रवि से पूछताछ उपरांत खुलासा हुआ था कि उसको यह असला गोल्डी उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाया है। आरोपी के कब्जे से 1 हजार रुपए बरामद किए। न्यायालय के आदेशनुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**सोंगल के स्कूल में बच्चों को बांटे ट्रैक सूट**

**राजौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सोंगल के बच्चों को स्कूल द्वारा ट्रैक सूट दिए। विद्यालय के मुख्य शिक्षक रामेश्वर दास ने बताया कि होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रोहतक पहुंचेंगे। इनमें 22 किलो भार वर्ग में रूबी रेसलिंग, 24 किलो भार वर्ग में मनित रेसलिंग व 200 मीटर रेस, लवप्रीत 26 किलो भार वर्ग में रेसलिंग, अंशु 30 किलो भार वर्ग में रेसलिंग के लिए भाग लेंगे। उन्होंने ने बच्चों को प्रेरणा स्रोत आशीर्वाद दिया और साथ अन्य साथ स्टाफ सदस्यों में भी उनके मनोबल बढ़ाने के लिए उनको आशीर्वाद स्वरुप शब्द कहे। इस दौरान बसंत लाल, सुखबीर, सुशील कुमार, बलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, दिलबाग सिंह व सतीश कुमार नरेश कुमार महेश कुमार उपस्थित रहे।


राजौंद। विद्यार्थियों को ट्रैकसूट करते हुए स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि


पूंडरी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर।

**राहुल गांधी के बयान बेबुनियादः अशोक**

**पूंडरी।** वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि विपक्ष द्वारा देश की छवि अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर दिखाने की कोशिश की जा रही है। पूंडरी में वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश शर्मा द्वारा पदमाक्षी रैस्टोरैंट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के हाल के बयान केवल ध्यान आकर्षित करने और देश की जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से दिए जा रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर मजबूत नेतृत्व और प्रभावी नीतियों के कारण एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते आज भारत आर्थिक, रक्षा और कूटनीतिक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज विदेशी निवेश, उद्योग विकास, स्टार्टअप इकॉनॉमी और डिजिटल इंडिया की ताकत दुनिया को दिखाई दे रही है। ऐसे समय में देश को कमजोर दिखाने वाली राजनीति राष्ट्रहित के विरुद्ध है। कहा कि विपक्ष के पास कोई नीति और मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए केवल भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।

**निगरानी कमेटी की बैठक**

**कैथल।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट 1989) के तहत वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते डीसी प्रीति ने अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट 1989 के तहत दर्ज मुकदमों को लेकर चर्चा की और कमेटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने पिछले मुकदमों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। साथ ही पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि के बारे में पूछा। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी पीड़ितों का समय पर सहायता राशि दे दी गई हैं। वहीं डीसी प्रीति ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों में मुस्तैदी से पैरवी करने के लिए समय चालान प्रस्तुत करें, ताकि पीड़ितों को न्याय दिलवाया जा सके। पुलिस इसकी जानकारी तुरंत समाज कल्याण विभाग को भेजे। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत यदि कोई झूठे मुकदमे दर्ज करवाता है।


डीसी जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक लेते।


जींद। ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जानकारी देते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

**छात्रों को ऑनलाइन फ्रॉड सिस्टम से करवाया अवगत**

**जींद।** छोटू राम किसान आईटीआई में सेबी की तरफ से वर्कशॉप आयोजित की गई। उसमें रामफल पूनिया ने छात्रों को साइबर ठगी और इन्वेस्टमेंट के बारे में जानकारी दी तथा सेबी रिसोर्स पर्सन बबीता ने स्क्रीन के माध्यम से ऑनलाइन फ्रॉड सिस्टम के बारे में भी आईटीआई के छात्रों को अच्छी जानकारी दी गई। किसी प्रकार का ऑनलाइन फ्रॉड होने पर टोल फ्री नंबर 1800227575 तथा 18002667575 नंबर बताए गए। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य पवन कुमार रेढू ने भी सभी सेबी रिसोर्स पर्सन का छोटू राम किसान आईटीआई में आने पर आभार प्रकट किया और उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों के साथ-साथ आमजन में भी ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता आती है। फोटो कैप्शन


सदभाव यात्रा में शामिल चौ बीरेंद्र सिंहए बृजेंद्र सिंह के साथ चर्चा करते हुए।

**दूसरे चरण की यात्रा ऐतिहासिक होगी**

**उचाना।** छह नवंबर को बृजेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष विदेशी मामले विभाग कांग्रेस के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस की सद्भाव यात्रा का भिवानी जिले के बवानीखेड़ा विधानसभा के आखिरी बड़े एवं ऐतिहासिक गांव कुंगड के साथ पहले चरण की यात्रा का समापन हुआ। पांच अक्तूबर से गांव दनौदा नरवाना बिनैण खाप के ऐतिहासिक चबूतरे से शुरू हुई पहले चरण की यात्रा ने चार लोकसभा क्षेत्रों सिरसा, सोनीपत, हिसार व कुरूक्षेत्र लोकसभा सहित 14 विधानसभा क्षेत्रों मे करीबन 500 किलोमीटर लम्बा रास्ता तय किया। यात्रा में साथ-साथ रहे वरिष्ठ नेता उदयवीर सिंह पूनिया, मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन सज्जन सिंह, युवा नेता अशोक सिवाच ने कहा दूसरे चरण की यात्रा भी ऐतिहासिक होगी। बृजेन्द्र सिंह की यात्रा का जिस तरह का स्वागत विधानसभा क्षेत्रों मे हुआ वो उम्मीद से बढ़कर रहा। इस यात्रा की शुरूआत से लेकर अब तक .बीरेंद्र सिंह में मार्ग दर्शन मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हाथ के निशान वाला तिरंगा थामे बृजेन्द्र सिंह ने राहुल गांधी की अनुमति व भारत जोड़ो यात्रा की प्रेरणा से इस यात्रा का शुभारम्भ किया है।

# वोट चोरी प्रकरण को लेकर कांग्रेसियों ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला,नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा विस चुनाव में कथित वोट चोरी के प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जींद शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। रानी तालाब स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास जुटे सैंकड़ों कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और आयोग का पुतला फूंक कर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने किया। प्रदर्शन दौरान आरोप लगाया कि हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत कर जनादेश को चुराने का काम किया है। रिषिपाल ने कहा कि चुनाव आयोग जो लोकतंत्र की रक्षा का जिम्मा निभाता है, आज भाजपा के हाथों की कठपुतली बन चुका है। भाजपा ने मशीनरी का दुरुपयोग करते मतगणना प्रक्रिया में गड़बड़ी की और लोगों के वोटों की चोरी कर अवैध सरकार बनाई। कहा कि अब सबके सामने ये सच्चाई आ चुकी है। पूर्व विधायक सुभाष गंगोली, पूर्व विस प्रत्याशी महावीर गुप्ता, पूर्व चेयरमैन पवन दुहन, पूर्व युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप बेलरखां, राजू लखीना मौजूद रहे।



जींद। वोट चोरी के रोष स्वरूप रोष जताते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि


जींद। छात्राओं को जागरूक करते प्राध्यापिका। फोटो :हरिभूमि

**विश्व सुनामी जागरूकता दिवस पर व्याख्यान**

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा वीरवार को विश्व सुनामी जागरूकता दिवस पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भूगोल विभागाध्यक्षा रंजना गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की वक्ता पूजा रही। जिन्होंने छात्राओं को सुनामी के बारे में विस्तार से बताते हुए तटीय क्षेत्रों में होने वाले नुकसान के प्रभावों को कम करने के उपायों की जानकारी दी। वर्ष 2025 में विश्व सुनामी जागरूकता दिवस का विषय सुनामी के लिए तैयार रहें, सुनामी की तैयारी में निवेश करें रखा गया है। विश्व सुनामी दिवस सुनामी के खतरनाक प्रभावों, सुनामी की तैयारी और सुनामी की प्रारंभिक चेतावनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में संगीत विभाग की प्राध्यापिका आरती सैनी और भूगोल विभाग की प्राध्यापिका रजनी उपस्थिति रही। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने भूगोल विभाग के इस प्रयास के लिए प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया।

## सुप्रीम स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# परम्पराओं के बारे में अपने ज्ञान का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के सभी छात्र व छात्राओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति तथा परम्पराओं के बारे में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत की महान सभ्यता, संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन, कला, साहित्य, मंत्रीमंडल, भाषाओं और परम्पराओं के प्रति ज्ञान एवं रुचि का विकास करना था। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में आए प्रश्न पत्र को सूझबूझ और ध्यानपूर्वक हल किया तथा अपनी तैयारी और देशभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को जानो जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में देशभक्ति, आत्मविश्वास और ज्ञानवर्धन की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने देश की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और वीरता की गाथाओं को जानना चाहिए ताकि उनमें अपने देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना जागृत हो सके। प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, पठन कौशल तथा स्मरणशक्ति को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती है।


प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**जानकारी प्राप्त करने के लिए किया प्रेरित**

ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में सीखने की उत्सुकता और अपने देश के प्रति समर्पण की भावना उत्पन्न करती हैं। विद्यालय के अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान देने की घोषणा की। साथ ही यह भी बताया गया कि भविष्य में ऐसे और भी शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।


जुलाना। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक लक्ष्मण यादव।

**स्वदेशी उत्पाद के प्रयोग से ही देश बनेगा आत्मनिर्भर**

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के रेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गुरूवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर किया गया। बैठक में रेवाड़ी के विधायक एवं जुलाना विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। बैठक के दौरान विधायक लक्ष्मण यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी को विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाना चाहिए ताकि देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जाए और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिले। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करें। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल, नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### साइंस मेला प्रतियोगिता में ध्रुव स्कूल अव्वल

**पूंडरी।** आईटीआई कैथल में आयोजित ज़िला युवा महोत्सव – साइंस मेला प्रतियोगिता में ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर पुण्डरी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।
स्कूल की कक्षा 10+1 साइंस की पाँच प्रतिभाशाली छात्राएँ अनिका, आराध्या, हितेशी, मन्नत और सोनम ने किचन वेस्ट से बायो-प्लास्टिक तैयार करने का अभिनव वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किया।

### ससुराल पक्ष पर गर्भपात करवाने का आरोप

**कैथल।** कलायत थाना के तहत आने वाले एक गांव में एक विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा गर्भपात करवाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में एक विवाहिता ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी एक वर्ष पहले आशीष नामक युवक के साथ हुई थी। यह भी आरोप है कि जब वह गर्भवती हुई, तो आरोपियों ने मिलकर उसका गर्भपात करवा दिया।

### कमरे से सामान चोरी

**कैथल ।** थाना राजौंद पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव दुडाला के मोहब्बत सिंह ने राजोंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 नवंबर को चोर उसके गांव वीर बांगड़ा स्थित कमरे का ताला तोड़ते हुए उसमें रखा इनवर्टर और बैटरी चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल बिंदु ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट में एक घायल

**कैथल ।** जिले के गांव कुराड में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव कुराड के रामकेश ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अक्टूबर को जब वह गांव से जा रहा था तो जोगेंद्र ने उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही संदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चार्ज शुरू कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल ।** सदर पुलिस कैथल में एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदर पुलिस कैथल के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 3 नवंबर को गांव बाबा लदाना का बंटी नामक युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### घर से सामान चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल ।** घर से सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एचसी जरनैल सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव भूना निवासी गोपाल को गिरफ्तार किया गया है। भूलना निवासी राजकुमार की शिकायत अनुसार वह पिछले एक महीना से कुरुक्षेत्र में रह रहे हैं गांव भोला स्थित उनके मकान का ताला तोड़कर उपरोक्त आरोपी गोपाल द्वारा जीरी, कनक, सिरसम, बर्तन व अन्य सामान चोरी कर लिया गया।

### डोडा पोस्त सप्लाई करने वाले आरोपी काबू

**कैथल ।** डोडा पोस्त सप्लाई करने के मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव दरोली जिला पटियाला पंजाब निवासी रिछपाल को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 जुलाई 2023 को एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम द्वारा आरोपी उरलाना निवासी गुरदीप को उसके मकान के पास से दबिश देकर काबू किया गया था।

---

## गांव-गांव, शहर-शहर दस्तक देकर जागरूक कर रहीं टीमें

# स्वास्थ्य विभाग के पास 3823 मरीज रजिस्ट्रड, कैंसर रोकने की कवायद

**निजी मरीजों को भी शामिल किया जाए तो यह आंकड़ा कहीं अधिक होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर वर्ष सात नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जींद जिला की बात की जाए तो अप्रैल 2013 से अबतक स्वास्थ्य विभाग को 3823 कैंसर के मरीज रजिस्ट्रड हुए हैं।

यह आंकडा वह है, जिन्होंने बस पास की सुविधा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ली है। जिन लोगों ने कैंसर का उपचार निजी तौर पर करवाया है और बस पास या अन्य कोई सुविधा स्वास्थ्य विभाग से नहीं ली है, वह इसमें शामिल नहीं है। ऐसे में अगर निजी कैंसर मरीजों को भी शामिल किया जाए तो यह आंकड़ा कहीं अधिक होगा। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग कैंसर को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव, शहर-शहर दस्तक देकर आमजन को जागरूक कर रही है।

**राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस**




जींद। नागरिक अस्पताल में दवा लेने के लिए लगी लाइन। फोटो : हरिभूमि

### जिले में कैंसर का आंकडा

| वर्ष | कैंसर के मामले |
|---|---|
| 2013 | 63 |
| 2014 | 158 |
| 2015 | 240 |
| 2016 | 366 |
| 2017 | 239 |
| 2018 | 273 |
| 2019 | 284 |
| 2020 | 148 |
| 2021 | 405 |
| 2022 | 388 |
| 2023 | 658 |
| 2024 | 660 |
| 2025 | 280 |
| (अबतक कुल) | 3823 |

### यह है कैंसर के प्रकार

कैंसर कई प्रकार के होते हैं। जिनमें सबसे आम फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, परोस्टेड, ऐसोफागस, पेट, मुंह, लैरिंक्स, लिम्फोमा, सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर हैं। कैंसर में शरीर के किसी भी हिस्से की कोशिकाएं काफी तेजी से बढने लगती हैं। इनसे आसपास मौजूद टीश्यूज व अन्य कोशिकाएं और ऑर्गन डैमेज होने लगते हैं। वहीं कैंसर आनुवांशिक भी हो सकता है। कई बार कैंसर से पीड़ित माता या पिता के जीन बच्चे में भी आ जाते हैं जिससे बच्चे को भविष्य में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। किसी गंभीर बीमारी के कारण भी कैंसर हो सकता है। कई बार उम्र के बढने के साथ भी शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती और उम्र के पड़ाव पर व्यक्ति बीमार पडने लगता है।

### कैंसर के लक्षण

बलगम के साथ खून आना। छाती में दर्द होना। सांस का फूलना। वजन कम होना। मुंह से लार आना। मुंह में ऐसे छाले होना जो लंबे समय तक ठीक न होना। चिकित्सकों के अनुसार अगर सही समय पर इसकी पहचान कर इलाज शुरू कर दिया जाए तो कैंसर सिर्फ काबू में सकता है बल्कि कई मामलों में पूरी तरह ठीक भी हो सकता है। कैंसर के सही लक्षणों की पहचान चिकित्सक द्वारा ही की जाती है।

नोट :- वर्ष 2025-26 की बात की जाए तो अबतक 280 नए कैंसर पीड़ित लोगों ने बस पास बनवाए हैं। जबकि 670 लोगों ने अपने बस पास को रिन्युड करवाया है। वर्ष 2013 से फाइनेंशियल ईयर 2026 में अबतक 3823 मरीज स्वास्थ्य विभाग के पास रजिस्ट्रड हैं। जिन्हें मुफ्त ट्रैवल की सुविधा उपलब्ध है।

### जिले में नहीं कैंसर जांच की सुविधा

अगर गांवों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएं तो कैंसर पीड़ितों की संख्या काफी अधिक हो सकती है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां कैंसर का इलाज तो दूर जांच तक की सुविधा नही है। अगर किसी मरीज में कैंसर के लक्षण दिखाई देते हैं तो जांच की सुविधा नहीं होने के चलते उनको पीजीआई रोहतक व दूसरे संस्थानों में भेजा जाता है ताकि उपयुक्त उपचार मिल सके। वहीं स्वास्थ्य विभाग के निरोगी हरियाणा योजना तथा एनसीडी के तहत चलाए जाने वाले कार्यक्रम के तहत भी लोगों की लगातार जांच की जाती है ताकि संदिग्ध कैंसर मरीजों की जांच की जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग सहायता को हमेशा तैयार : डा. संदीप

कैंसर नोडल अधिकारी डा. संदीप ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कैंसर पैशेंट की हरसंभव सहायता के लिए हमेशा तैयार है। यदि सही समय पर कैंसर के लक्षणों को पहचान कर उपचार किया जाए तो इसका इलाज बेहद सरल बन जाता है। आज कैंसर के प्रति लोगों में बहुत सी भ्रांतियां हैं। आमजन को लगता है कि कैंसर से पीड़ित होना मतलब ये एक सजा के समान है लेकिन अब ज्यादातर कैंसर उपचार योग्य हैं। यदि कैंसर से बचना चाहते हैं तो आपको अपनी जीवनशैली नियंत्रित करनी होगी। इतना ही नहीं अपने खानपान पर विशेष ध्यान होगा। कैंसर से बचने के लिए तंबाकू उत्पादों का सेवन बिल्कुल न करें। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ बनाएं।

---

## स्वामी आदित्यवेश के साथ आर्य समाज दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि पहुंचे खटकड़



जींद। दक्षिण अफ्रीका आर्य प्रतिनिधिमंडल सदस्यों का स्वागत करते हुए स्वामी आदित्यवेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव खटकड़ में गुरूवार को आर्य समाज दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधि मंडल युवा संन्यासी स्वामी आदित्यवेश के साथ पहुंचा। 1907 में स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद द्वारा स्थापित खटकड़ आर्य समाज में यह किसी भी विदेशी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली यात्रा है। इस दौरान आर्य समाज के सिद्धांतों, वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा भारत और दक्षिण अफ्रीका के सांस्कृतिक संबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई।

- **खटकड़ आर्य समाज में किसी भी विदेशी प्रतिनिधिमंडल की पहली यात्रा**

प्रतिनिधि मंडल ने स्वामी आदित्यवेश को दक्षिण अफ्रीका आने का आमंत्रण दिया ताकि वहां आर्य समाज के कार्यों और वैदिक शिक्षा के प्रसार को नई दिशा मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। यह देखकर गर्व होता है कि हजारों किलोमीटर दूर रह रहे भारतीय वंशज आज भी वेदों और वैदिक मूल्यों से जुड़े हुए हैं। आर्य युवक परिषद के प्रदेश महासचिव अशोक आर्य ने कहा ये हमारे गांव का सौभाग्य है कि विदेश की धरती से अतिथि हमारे गांव में पहुंचे हैं। प्रतिनिधि मंडल में कुल पांच सदस्य शामिल थे। जिनमें पंडित किरण सतगुर, स्वामी वेदानंद सरस्वती, डा. विश्राम रामविलास, स्वामी मैत्रेय और सिंधु भोगल।

### पारंपरिक स्वागत

स्वामी आदित्यवेश व उनकी टीम ने प्रतिनिधि मंडल का पगड़ी, शॉल, अंगवस्त्र और वैदिक साहित्य भेंट कर पारंपरिक रूप से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह मुलाकात न केवल आत्मीयता का प्रतीक है बल्कि विश्वभर में वैदिक संस्कृति के पुनर्जागरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्ष पंडित किरण सतगुर ने कहा कि हमारे पूर्वज लगभग 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों द्वारा बंधुआ मजदूर बना कर दक्षिण अफ्रीका ले जाए गए थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने धर्म और संस्कृति को जीवित रखा। आज अपनी मातृभूमि भारत में आकर हृदय गौरव से भर गया है। दक्षिण अफ्रीका में धर्मगुरु स्वामी वेदानंद सरस्वती ने कहा कि आर्य समाज विश्वभर में मनुर्भव (श्रेष्ठ मानव बनो) का संदेश फैला कर जाति, भाषा और देश के भेदभाव से ऊपर उठ कर मानवता की भावना को सशक्त बना रहा है। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य डा. विश्राम रामविलास ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका सहित अनेक देशों में वैदिक धर्म और आर्य समाज का प्रचार हिंदी और संस्कृत के माध्यम से निरंतर किया जा रहा है।

---

## सेमिनार में विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के संघर्ष और योगदान के बारे में बताया

- **राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीका । विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रो. ए.एल. वधवा।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के चौथे दिन विद्यार्थियों को जनजातीय संस्कृति, इतिहास और उनके समाज में योगदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीएवी कॉलेज चीका के सेवानिवृत्त इतिहास प्राध्यापक व प्रमुख समाजसेवी प्रो. ए. एल. वधवा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने की।प्रो. वधवा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में मुंडा जनजाति के महान नेता बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने किस तरह समाज में जागरूकता लाने और जनजातीय हकों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

## कौशल रोजगार के तहत कार्यरत कर्मी हटाने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता।

कौशल रोजगार के तहत कार्यरत कर्मचारी को हटाने के विरोध में कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग नरवाना के खिलाफ हटाए गए कर्मचारियों ने सिंचाई विभाग कार्यालय नरवाना में प्रदर्शन करते हुए डिप्टी सुपरीटेंडेंट को कार्यकारी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसकी अगुवाई प्रदीप कुंडू ब्रांच सचिव हरिण गर्वण पीण डब्लूण डीण मैकेनिकल वर्करज यूनियन 41 ने की। जो कर्मचारियों को गलत तरीके से हटाने तथा कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा न देने के बारे में था। कार्यकारी अभियंता ने सरकार के आदेशों के खिलाफ कर्मचारियों को गलत तरीके से हटाया तथा कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा से वंचित किया जो कि सरासर गलत है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा देने का वादा किया है जिसका कार्य जारी है लेकिन कार्यकारी अभियंता सरकार के आदेशों को न मानकर अपनी तानाशाही दिखाते हुए कर्मचारियों को हटा रहा है जिसके कारण कर्मचारियों को रोजी.रोटी के लाले पड़ गए हैं।

### बड़ा आंदोलन करेंगे

कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता से कई बार गुहार लगाई कि उनका नाम जॉब सुरक्षा में डाला जाए लेकिन कार्यकारी अभियंता ने कुछ ही लोगों की लिस्ट बनाई जिसके कारण बहुत से कर्मचारी जॉब सुरक्षा से वंचित हो गए जिसके कारण कर्मियों में रोष है । सभी कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि अगर उनकी मांगों का जल्द से जल्द समाधान नहीं किया जाता तो कार्यकारी अभियंता के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता की होगी। प्रदर्शन में रलदू राम, उमेद सिंह, वीरेंद्र राणा, रणदीप, सत्यवान, सावन, सुनीलए सतीश, सुखविंदर सिंह, सुखवीर सिंह ने भाग लिया।

---

## स्वदेशी को अपना भारत को आत्मनिर्भर बनाने में दे योगदानः सुरेंद्र खरकभूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने रेलवे रोड पर दुकान.दुकान पर जाकर ग्राहकोंए दुकानदारों को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। दुकानों पर स्टीकर लगाने के साथ-साथ पंपलेंट भी बांटे। अत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का जो सपना पीएम नरेंद्र मोदी ने देखा है उसे सभी को मिलकर पूरा करना है। आत्मनिर्भर भारत में हर किसी को चाहिए कि वो अपना योगदान दे। स्वदेशी को अपनाते हुए इस अभियान के साथ जुड़े। अपने परिवार के साथ-साथ आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें। हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम करेंगे। सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की लोकप्रियता का डंका आज पूरे प्रदेश में गूंज रहा है।

## सीवरेज व पानी व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- **सेक्टरवासी लघु सचिवालय में डीसी को सौंपा ज्ञापन**



जींद। ज्ञापन सौंपने आए सेक्टरवासी।

सेक्टरों की सीवरेज व पानी की व्यवस्था जन स्वास्थ्य विभाग को सौंपे जाने के विरोध में सेक्टरवासी वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे। वार्ड 21 के पार्षद सतपाल कुंडूए सेक्टर नौ के प्रधान कर्मपाल देशवाल, सेक्टर आठ प्रधान सतबीर बांगड़, सेक्टर सात के प्रधान एडवोकेट बिजेंद्र लाठर ने कहा कि सभी सेक्टर निवासी सीवरेज व पानी की व्यवस्था को एचएसवीपी के पास ही रखना चाहते हैं। एचएसवीपी से उन्हें अच्छी सुविधा उपलब्ध हो रही है। इस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। जन स्वास्थ्य विभाग को यह व्यवस्था देने के लिए किसी प्रकार की भी मांग सेक्टर वासियों ने नहीं की है। जन स्वास्थ्य विभाग के पास पहले से ही बहुत बड़ा क्षेत्र है।

इस कारण जन स्वास्थ्य विभाग पूरे शहर का काम सुचारू रूप से नहीं कर पा रहा है और ज्यादातर कालोनियों में सीवरेज व पानी की व्यवस्था बेहतर नहीं है।

जन स्वास्थ्य विभाग के पास इतने अधिकारी और कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। इसलिए उनकी मांग है कि सेक्टरों का सीवर व पानी की व्यवस्था को एचएसवीपी के पास ही बनाए रखा जाए।

## कोठारी बंधुओं का हमें बलिदान राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण की भावना सिखाता




**जींद ।** बजरंग दल के तत्वावधान में हुतात्मा दिवस पर कोठारी बंधुओं की याद में गुरूवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर कोठारी बंधु रामेश्वरलाल कोठारी और श्यामलाल कोठारी की याद में लगाया गया। जिन्होंने राम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान अयोध्या में दो नवंबर 1990 को श्रीराम मंदिर के लिए प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर बजरंग दल के प्रांत संयोजक हरीश रामकली ने कहा कि कोठारी बंधुओं का बलिदान हमें राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण की भावना सिखाता है। उनका त्याग युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जिस तरह उन्होंने देश और समाज के लिए अपना जीवन न्यौछावर कियाए उसी भावना से हमें समाज सेवा में जुटना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। हमारे द्वारा दान दिया गया रक्त न जाने किसकी जान बचाएगा, यह हमें भी मालूम नही होता है। इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक निशु मान, मीडिया प्रभारी नवीन जैन, सुभाष ढिगाणा, महावीर बिरौली, अल्का तायल, नरेश शर्मा व बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**नमन** स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की

# दूरदर्शी नेता, सच्चे जनसेवक व शिक्षा-जागरूक व्यक्तित्व के धनी थे ईश्वर सिंह : धर्मबीर सिंह

**चार बार पुंडरी से विधायक रहते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

**हवन-यज्ञ में सभी ने श्रद्धाभाव से आहुति डाली**

बाबू अनंतराम जनता कॉलेज, कौल के प्रांगण में हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष, महान शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं पुंडरी हलके के निर्माता, किसानों और गरीबों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद्, समाजसेवी तथा 36 बिरादरी से संबंध रखने वाले सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक चौधरी तेजवीर सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी एवं माननीय सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल के निजी सचिव धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूज्य गुरु स्वामी संपूर्णानंद जी महाराज ने अपने पावन सानिध्य से समारोह को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की।



जींद। ईश्वर सिंह को माल्यार्पण करते समाज के लोग

समारोह की शुरुआत स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने और प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने श्रद्धाभाव से आहुति डाली। तेजवीर सिंह ने अपने पूज्य पिता स्वर्गीय ईश्वर सिंह के बारे में कहा कि वे ईमानदारी, निष्ठा और जनसेवा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में चार बार पुंडरी से विधायक रहते हुए जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए तथा हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में लोकतांत्रिक परंपराओं को नई दिशा दी। शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने ग्रामीण युवाओं और युवतियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान दिया। मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह ने कहा कि ईश्वर सिंह एक दूरदर्शी नेता, सच्चे जनसेवक और शिक्षा-जागरूक व्यक्तित्व थे, जिनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### यह रहे मौजूद

उन्होंने उपस्थित लोगों से योग अपनाने, संयमित जीवन जीने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर महावीर सिंह, पाला राम फतेहपुर, चमेल सिंह बरसाना, बलबीर सिंह ठयोंठा, नरेश आढ़ती , श्यामसुंदर पूर्व सरपंच, मेहर सिंह पूर्व सरपंच संगरोली, नरेश सरपंच बाकल, तेजपाल सरपंच छंटेगी, मिया सिंह पूर्व सरपंच जाजनपुर, सतपाल, कुलदीप पूर्व चेयरमैन फरल, आत्माराम पूर्व सरपंच पाबला, धर्मवीर मोहना पूर्व सरपंच, करण सिंह, सुखबीर राणा फरल, जसवंत सिंह पूर्व सरपंच, राजकुमार अहमदपुर, सतबीर नंबरदार, प्रेमचंद और बलबीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने अत्यंत सौम्यता एवं गरिमा के साथ किया। समापन पर सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सीआरएसयू में जिलास्तरीय कार्यक्रम आज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सात नवम्बर से आरम्भ होकर सात नवंबर 2026 तक चार चरणों में आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष भर चलने वाले आयोजन का उद्देश्य वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्ता को जन-जन तक पहुंचाना है। जिला स्तरीय वंदे मातरम स्मरण उत्सव का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में शुक्रवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और एकता की भावना जगाई थी। इसी भावना को पुनः प्रबल करने के लिए जिले में वर्षभर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और देशभक्ति आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएगी।